अपराध | ढीमरखेड़ा थाने की सिलौड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत अतरसुमा गांव में हुई वारदात, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

# खेत के पास मिला किसान का शव, हत्या की आशंका



**नवभारत,कटनी।** ढीमरखेड़ा थाने की सिलौड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र के अतरसुमा गांव में खेत के पास सोमवार सुबह किसान का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों और परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

पुलिस का कहना है कि घटना के हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक के पैर के अंगूठे छिले हुए हैं, जिससे संदेह जताया जा रहा है कि मृतक को घसीटा गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।

ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि सिलौड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र के अतरसुमा गांव निवासी मुकेश पिता मचलेश्वर चनपुरिया (45) रविवार रात करीब 9 बजे अपने घर से निकले थे, जिसके बाद वे रात भर घर लौटकर वापस नहीं आए। इस बीच सोमवार सुबह लगभग 6 बजे ग्रामीणों ने उनके खेत के किनारे उनका शव पड़े देखा। ग्रामीणों ने शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि मृतक के शरीर में चोट के निशान नहीं है, लेकिन पैर के दोनों अंगूठे छिले हुए हैं, जिससे घसीटने का संदेह है है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद किसान की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।

घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। रात के समय किसान किसके साथ आखिरी बार देखा गया है इस बात की जानकारी भी ग्रामीणों से ली जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस बात की जानकारी भी ली जा रही है कि मृतक का पूर्व में किसी से विवाद तो नहीं हुआ था। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



# हर स्तर पर सतर्कता से सफल हुआ दौरा कार्यक्रम

**डयूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की हुई सराहना**

**नवभारत, कटनी।** जिले में 11 और 12 अक्टूबर को राज्यपाल के भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन पूरी सुरक्षित, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न होने पर ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना की गई है। कार्यक्रम के सफल और सुचारू संचालन में उत्कृष्ट सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सराहना की गई।

एसपी के निर्देशन और मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था का सूक्ष्म और विस्तृत प्लान तैयार किया गया था। इसमें कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, मार्ग व्यवस्था, पार्किंग, फिक्स पॉइंट्स, रिजर्व पार्टी, एडी पार्टी और अन्य संवेदनशील बिंदुओं पर पुलिस बल की सुव्यवस्थित तैनाती की गई थी। अधिकारियों और कर्मचारियों को पूर्व में विस्तृत ब्रीफिंग दी गई थी।

सुरक्षा व्यवस्था का पूर्वाभ्यास भी कराया गया था, जिससे प्रत्येक स्तर पर सतर्कता और समन्वय बना रहे। राज्यपाल का सम्पूर्ण भ्रमण कार्यक्रम बिना किसी अवरोध के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसे लेकर जिला पुलिस प्रशासन की तत्परता और कार्यकुशलता की सराहना की जा रही है।

## एक नजर में

### सिवनी हवाला काण्ड चार आरक्षकों का तबादला

**नवभारत, कटनी।** जिले के चार आरक्षकों के स्थानांतरण होने के मामले को सिवनी में हुए लूट कांड से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि अधिकृत तौर पर इसकी पुष्टी नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ थाने में पदस्थ आरक्षक रविन्द्र दुबे का स्थानांतरण छिंदवाड़ा, बरही थाने में पदस्थ शिव पटैल का स्थानांतरण सिवनी, स्लीमनाबाद थाने में पदस्थ राजेन्द्र उइके का स्थानांतरण नरसिंहपुर और आरक्षक प्रशांत विश्वकर्मा का स्थानांतरण पांढुर्णा किया गया है।

### बाल गृह से भागे नाबालिग मिले

**नवभारत, कटनी।** झिंझरी पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित आशा किरण बाल गृह संस्था से भागे दो नाबालिगों को पुलिस ने खोज निकाला है। पुलिस ने बताया कि 9 अक्टूबर को आशा किरण बालगृह संस्था, झिंझरी से दो नाबालिग बालक गेट कूदकर भाग गए थे। इस संबंध में संस्था की डाटा ऑपरेटर शालिनी दाहिया द्वारा पुलिस चौकी झिंझरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनो भागे नाबालिग बालकों की तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान जबलपुर आरपीएफ के सहयोग से पुलिस ने दोनों नाबालिगों को दस्तायाब कर लिया है। दोनों बालकों को आवश्यक कार्रवाई करने के बाद आशा किरण बालगृह प्रबंधन को सौंप दिया गया है। नाबालिग बच्चों की खोजबीन की कार्रवाई में झिंझरी चौकी प्रभारी एसआई राजेश दुबे, एएसआई शशिभूषण सिंह, प्रधान आरक्षक पंकज त्रिपाठी, ब्रजभूषण तिवारी, आरक्षक अजय सिंह और आरक्षक चंद्रकमल पांडेय और जबलपुर आरपीएफ की भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि नाबालिग बालक-बालिकाओं की गुमशुदगी और अपहरण संबंधित मामलों में कार्रवाई कर खोजबीन करने के लिए ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस टीम द्वारा लापता बालक-बालिकाओं की खोजबीन की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है और लापता नाबालिग बच्चों की खोजबीन कर उन्हें उनके परिजनों को सौंपा जा रहा है।

# गांजा तस्करी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्रवाई, दो किलो गांजा जब्त**

**नवभारत, कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के कटरा गांव से निकली बेलकुंड नदी घाट के उपर रोड के पास से पुलिस ने दो युवकों को गांजा रखने के आरोप में पकड़ा है। पुलिस ने युवकों से दो किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों की मोटर साइकिल भी जब्त कर ली है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि मुखबरिर से सूचना मिली थी कि कटरा गांव से निकली बेलकुंड नदी घाट के पास रोड में दो युवक संदिग्ध स्थित में देखे गए हैं। जिसके बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। जहां दो युवक संदिग्ध हालत में देखे गए। युवको के पास से प्लास्टिक की पॉलीथिन की तलाशी ली गई तो उसके अंदर से गांजा मिला। युवकों से करीब दो किलो गांजा जब्त किया गया है।



पुलिस ने दोनो युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गांजा रखने के आरोप में पकड़े गए आरोपी कटरा गांव निवासी ध्रुप पिता देव सिंह और मुकेश पिता वीरेन्द्र सिंह है। कार्रवाई में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, एएसअई जयचंद उइके, आरक्षक पंकज सिंह, आरक्षक अजय सिंह, देवेन्द्र अहिरवार, रंजीत सिंह, आरक्षक डुमनदास की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आंकाक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है।

# लक्ष्य निर्धारित कर घर-घर दस्तक देकर वसूल करें जल और संपत्ति कर

**नगर निगम आयुक्त ने की राजस्व वसूली कार्य की समीक्षा**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम में सोमवार को आयोजित की गई राजस्व वसूली कार्य की समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि वसूली आपकी जिम्मेदारी है, निगम की आय में वृद्धि होने से ही नगर विकास के कार्य एकरूपता से कराए जा सकते है। इस दौरान उन्होने नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा की जा रही वसूली कार्य की समीक्षा भी की गई। बैठक के दौरान उन्होंने कर वसूली का लक्ष्य बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए महीने, सप्ताह और प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर वसूली कार्य करने के निर्देश दिए हैं। नगर



निगम आयुक्त ने कहा कि बड़े और छोटे बकायादारों की सूची तैयार कराते हुए कार्ययोजना के तहत सभी के घर-घर पहुंचकर उनसे संपर्क किया जाए और बकाया करों की राशि नगर निगम कोष में जमा कराएं। नगर निगम आयुक्त ने समीक्षा बैठक में राजस्व अमले को हिदायत देते हुए यह भी कहा कि वसूली अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिसंबर तक निर्धारित लक्ष्य पूरा कर लिया जाए। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि जिन करदाताओं द्वारा बकाया करों की राशि बार-बार सूचित करने के बाद भी जमा नहीं की जा रही है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। बैठक में नगर निगम आयुक्त ने कहा कि वसूली कार्य के मद्देनजर कार्ययोजना बनाकर राजस्व अमले के साथ-साथ नगर निगम की अन्य शाखाओं के अधिकारियों की भी राजस्व वसूली में ड्यूटी लगाई जाएगी। समय निर्धारित कर वार्डवार वसूली कार्य के लिए प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि जिन अधिकारियों के द्वारा लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने में लापरवाही की जाएगी वे कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बैठक में कर वसूली बढ़ाने के लिए अधिकारी-कर्मचारियो के सुझाव भी लिए गए। कर वसूली कार्य में आ रही समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में वसूली की प्रक्रिया, बिल बनाने की प्रक्रिया, ई नगर पालिका पोर्टल की सुविधाएं, वसूली कार्य में संलग्न अधिकारी और कर्मचारियों की संख्या, कर निर्धारण का तरीका, टेक्स की गणना, नगर में स्थापित बड़ी इकाईयों के विस्तार से जानकारी ली गई और शासकीय संपत्तियों का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हनुमान मंदिर में भजन संध्या, कटाएघाट में की जाएगी दिव्य गंगा आरती

**बैठक में किया गया श्रीराम सेवा समिति का पुनर्गठन**

**नवभारत, कटनी।** श्रीराम सेवा समिति द्वारा स्थानीय हनुमान मंदिर कटाएघाट में प्रतिवर्ष के अनुसार आयोजित होने वाले हनुमत पूजा, वर्तिका परिवर्तन, गंगा आरती और दीपदान कार्यक्रम इस वर्ष भी 21 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

इसके लिए समिति की आवश्यक बैठक अध्यक्ष सुकीर्ति जैन की अध्यक्षता में समिति कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सबसे पहले सदस्यों की अनुशंसा पर समिति का पुनर्गठन किया गया। इसके तहत आगामी पांच वर्षों के लिए सुकीर्ति जैन अध्यक्ष, विक्रम खम्परिया सचिव, वेंकटेश गौड़ और रौनक खंडेलवाल उपाध्यक्ष बनाया गया। मिट्ठूलाल जैन प्रचार प्रसार समिती के प्रमुख मनोनीत किए गए हैं। ललित लल्लू सोनी मुख्य सलाहकार बनाए गए हैं। इसी तरह इस वर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए अखिलेश पुरवार कार्यक्रम अध्यक्ष अंशुल सोनी कार्यक्रम सचिव बनाए गए हैं। बिंदेश्वरी पटेल, हेतराम बर्मन, राजेंद्र मुनीम अग्रवाल और सत्य प्रकाश, प्रदीप द्विवेदी कार्यक्रम सलाहकार रहेंगे। बैठक में संपूर्ण पूजा पाठ विधिवत धार्मिक तरीके से कराने, भव्य भजन संध्या, दिव्य गंगा आरती सहित प्रकाशमयी दीपदान कार्यक्रम को कराए जाने का निर्णय लिया गया।



बैठक में सुकीर्ति जैन, विक्रम खम्परिया, ललित लल्लू सोनीख रौनक खंडेलवाल, वेंकटेश गौड़, बिंदेश्वरी पटेल, हेतराम बर्मन, राजेंद्र मुनीम अग्रवाल, सत्यप्रकाश, प्रदीप द्विवेदी, अखिलेश पुरवार, अंशुल गिन्नी सोनी, संचित जैन मिट्ठूलाल जैन, विवेक अग्रवाल, मुकेश पाठक, सोनू पांडे, बी के चौबे, सत्येंद्र गुड्डा तिवारी, पंकज मिश्रा सहित अन्य राम भक्त उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का करें निराकरण

**नगर निगम आयुक्त ने की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपनी शाखाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि नियमित रूप से शिकायतों की समीक्षा की जाएगी तो अनावश्यक रूप से शिकायतें लंबित नहीं होगी और उनका बगैर देरी के संतुष्टिपूर्ण निराकरण हो सकेगा। बैठक के दौरान आयुक्त



द्वारा ग्रेडिंग की लंबित शिकायतों सहित साफ सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, सिविल, सीवेज, भवन अनुज्ञा, अस्थाई अतिक्रमण, प्रकाश व्यवस्था, उद्यान, यांत्रिकी योजना प्रकोष्ठ, स्थापना पेंशन, सामान्य प्रशासन, समस्त जन कल्याणकारी योजनाएं, स्थाई अतिक्रमण, समग्र आईडी की गैर तकनीकी समस्या सहित अन्य शाखाओं की लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों का तत्परता से संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश लेवल अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, असित खरे, आदेश जैन, उपयंत्री संजय मिश्रा, पवन श्रीवास्तव, अश्विनी पांडेय, शैलेन्द्र प्यासी, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह, योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय, सहित निगम की अन्य शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी केन्द्र में लगाई गई किचन गार्डन प्रदर्शनी

**प्रदर्शनी में दी गई संतुलित पोषण आहार की जानकारी**

**नवभारत, कटनी।** आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित हो रहे पोषण माह के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र जालपा वार्ड में केंद्र क्रमांक 20, 27, 28, 37, 223 में मिलकर किचन गार्डन व पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद डॉ रमेश सोनी उपस्थित हुए। कार्यकर्ता अर्चना पाठक मिश्रा द्वारा महिलाओं को समझाइस दी गई की संतुलित भोजन करें और ऐसा भोजन करें जिसमें सभी पोषक तत्व मौजूद हो। आंगनवाड़ी में आने वाले पोषण आहार से व्यंजन बनाकर बताया गया। वार्ड पार्षद डॉ रमेश सोनी द्वारा महिलाओं को साफ सफाई और अच्छे खान-पान की समझाइस दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना पाठक मिश्रा, सुनीता श्रीवास, मीना गुप्ता, रेनू यादव, प्रेमलता खमरिया और सहायिका मीना शर्मा, किरण पाठक, पुष्पा जयसवाल, सीता सुमन की उपस्थिति रहीं।



# यातायात पुलिस ने 50 वाहनों के काटे चालान, वसूला 25 हजार जुर्माना

**यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने की कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा शहर में बिना नंबर प्लेट, धुंधली प्लेट, अवैध नंबर प्लेट लगाकर चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत यातायात पुलिस ने 50 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 25 हजार रूपए का जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान पुलिस ने सभी वाहन चालकों को हिदायत दी है कि सभी वाहन चालक अपने वाहनों पर स्पष्ट और नियमानुसार नंबर प्लेट लगाएं। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से कहा है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और वाहनों में सही तरीके से नंबर प्लेट लगाएं और सुरक्षित यातायात में सहयोग करें। नियमों को पालन नहीं करने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।



अभियान | भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर दी गई हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान की जानकारी

# स्वदेशी को अपनाने से परंपरा, सभ्यता और संस्कृति को मिलता है बढ़ावा, समृद्ध होता है देश

**नवभारत, कटनी।** भाजपा कार्यालय में सोमवार को आयोजित पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए सीए अखिलेश जैन ने कहा हर घर स्वदेशी, घर - घर स्वदेशी, गर्व से कहो यह स्वदेशी है। यह संकल्प एक नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नीव है। यह एक आह्वान है कि अपने देश में उत्पादों को अपनाए, अपनी संस्कृति को गले लगाएं, और अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करें। हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी हमारा मंत्र है, हमारा लक्ष्य है, और हमारी शक्ति है। उन्होने कहा स्वदेशी सिर्फ आर्थिक विषय नहीं, यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। देश की आजादी के बाद की सरकारों ने पश्चिमी मॉडल और आयात पर निर्भर मिश्रित अर्थव्यवस्था अपनाई, स्वदेशी को प्रोत्साहन नहीं दिया। उन्होने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद स्वदेशी को बढ़ावा दिया गया। उन्होने कहा कि मोबाइल निर्माण में भारत विश्व में दूसरे नंबर पर है। आटोमोबाइल, ट्रैक्टर निर्माण में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर, बस निर्माण में दूसरा स्थान और ट्रक निर्माण में भारत तीसरे स्थान पर है। रक्षा क्षेत्र में निर्यात 13 गुना बढ़ा है। रक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां भारत ने हासिल की हैं। सीए अखिलेश जैन ने कहा हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का आह्वान प्रधानमंत्री ने किया है। हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी यह एक नारा नहीं आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को बढ़ावा देने से देश की परंपरा, सभ्यता और संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। स्वदेशी अपनाते हैं तो देश के कारीगरों, किसानों, छोटे व्यापारियों, उद्यमियों को ताकत और सम्मान मिलता है। इसलिए मध्यप्रदेश के सभी लोगों से आह्वान है कि वह स्वदेशी को अपनाकर प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा आज मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल अवसंरचना और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियान इसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। इन सभी का लक्ष्य है कि हम विदेशी निर्भरता कम करें और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ाएं।



पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, महापौर प्रीति सूरी, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक रवि खरे, जीएसटी रिफॉर्म अभियान के जिला संयोजक आशीष गुप्ता बाबा, जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला उपस्थित रहे।

# मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस पांच दिनों के लिए निलंबित

**नवभारत,कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा की गई जांच के बाद नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दो मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस को 5 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। वहीं ढीमरखेड़ा के 3 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस पर भी अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी गई है। औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा अग्रवाल मार्केट, स्लीमनाबाद तिराहा स्थित विनायक मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, समदड़िया कॉलोनी, माधवनगर, कटनी स्थित एसएस मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स की जांच की गई थी। जांच के दौरान इन दोनों मेडिकल स्टोर्स द्वारा औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम का उल्लघंन होना पाए जाने पर दोनों दुकान संचालकों को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। लेकिन उनका संतोषजनक जवाब नहीं मिला। जिसके बाद दोनों दुकानों को लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।


धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ.राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ.हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024